



## एक नजर में

### पेंशनर महासंघ कयामपुर की मासिक बैठक



**मंदसौर।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ जिला मंदसौर की कयामपुर इकाई की मासिक मिलन बैठक कयामपुर स्थित विमल कुमार जैन के मांगलिक भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक रामावत ने की, जबकि सरपंच जगदीशचन्द्र माली मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इकाई अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में पेंशनरों ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकारिणी के पुनर्गठन का प्रस्ताव रखा, जिस पर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में रामेश्वर गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठजनों को संरक्षक बनाया गया, जबकि अध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश सोनी को पुन: दायित्व सौंपा गया। अन्य पदों पर भी सर्वसम्मति से नियुक्तियां की गईं। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। साथ ही पेंशनरों के सहयोग हेतु आकस्मिक निधि कोष का गठन कर करीब 36 हजार रुपए की घोषणा की गई। बैठक का संचालन प्रदीप कुमार मंडलोई ने किया एवं आभार विमल कुमार जैन ने माना। बैठक के पश्चात स्नेह भोज का आयोजन भी किया गया।

### गीता भवन में होगा हनुमन्त सहस्त्र नाम यज्ञ



**मंदसौर।** धर्मधाम गीता भवन में हनुमन्त प्रकटोत्सव पर श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाया जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय संत स्वामी रामनिवास जी महाराज के मार्गदर्शन में 2 अप्रैल 2026 को प्रात: 6 बजे से जन्म आरती, 10 बजे से हनुमन्त सहस्त्रनाम यज्ञ व दोप. 12.30 बजे पूर्णाहूति होगी तथा रात्रि 8 बजे सामूहिक सुंदरकांड पाठ होगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए गीता भवन के सचिव पं. अशोक त्रिपाठी ने बताया कि समूचे गीतेश्वर बालाजी मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। नगर के युवा पंडित हेमन्त भट्ट 'हनुमन्त सहस्त्र' नाम यज्ञ करवाएंगे। दोपहर 12 बजे यज्ञ की पूर्णाहूति के साथ महा आरती होगी। गीता भवन परिवार के जगदीश चौधरी, बंशीलाल टांक, विनोद चौबे, शेष नारायण माली, सुभाष अग्रवाल के अलावा ज्योतिषाचार्य दीदी लाडकुंवर जी, विद्या उपाध्याय, अंजू तिवारी, पूजा बैरागी, पुष्पा पाटीदार आदि ने श्रद्धालुओं से धर्मधाम गीता भवन में आयोजित 'हनुमन्त प्रकटोत्सव' पर्व पर आयोजित हनुमन्त सहस्त्रनाम यज्ञ, आरती एवं पूर्णाहूति एवं रात्रि में आयोजित सामूहिक सुंदरकांड में भाग ले। अत: सभी आयोजनों में पधारकर धर्मलाभ लें।

### गेहूं खरीदी में देरी पर किसान कांग्रेस का विरोध

**मंदसौर।** समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में हो रही देरी को लेकर किसान कांग्रेस ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष ललित चंदेल ने कहा कि किसानों की गेहूं की फसल तैयार है, लेकिन बार-बार खरीदी की तारीख आगे बढ़ाए जाने से किसान परेशान हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले 16 मार्च से खरीदी शुरू होना थी, जिसे बढ़ाकर 1 अप्रैल किया गया और अब 10 अप्रैल कर दिया गया है। इसे किसानों के साथ मजाक बताते हुए चंदेल ने कहा कि सरकार के दावों के विपरीत किसानों को अपनी उपज कम दामों में बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है।

## संजय गांधी उद्यान में 1 से 5 अप्रैल तक लगेगा पुस्तक मेला : कलेक्टर

- कलेक्टर ने अधिकारियों संग पुस्तक मेला स्थल का किया निरीक्षण
- कलेक्टर की अपील : पालक और विद्यार्थी पुस्तक मेले का लाभ लें, पुरानी किताबें करें दान



**मंदसौर। जिले में 1 से 5 अप्रैल तक संजय गांधी उद्यान (पं. मदनलाल जोशी सभागृह) में पांच दिवसीय पुस्तक मेला लगाया जाएगा। शुभारंभ 1 अप्रैल को दोपहर 12 बजे किया जाएगा और प्रतिदिन यह मेला दोपहर 12 बजे से शाम 8 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा। कलेक्टर अदिती गर्ग ने अधिकारियों के साथ पुस्तक मेला स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए।**

उन्होंने बताया कि मेले में विभिन्न पुस्तक विक्रेताओं के माध्यम से सभी प्रकार की शैक्षणिक पुस्तकें एवं कॉपियां उपलब्ध रहेंगी। इसमें एमपी बोर्ड, सीबीएसई एवं एनसीईआरटी पाठ्यक्रम की पुस्तकें शामिल होंगी। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिए स्कूल बैग, यूनिफॉर्म एवं अन्य आवश्यक सामग्री भी उचित दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सुविधाजनक एवं कम दरों पर पुस्तकें उपलब्ध कराने हेतु यह आयोजन किया जा रहा है। मेले में 15 प्रतिशत से लेकर 30 प्रतिशत तक की छूट भी दी जाएगी।

कलेक्टर गर्ग ने जिले के अभिभावकों और विद्यार्थियों से अपील की है कि वे पुस्तक मेले का अधिक से अधिक लाभ लें। साथ ही, जो विद्यार्थी नई कक्षा में प्रवेश कर चुके हैं, वे अपनी पुरानी पुस्तकें एवं अध्ययन सामग्री मेले में स्थापित पुस्तक बैंक स्टॉल पर दान करें, जिससे अन्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहायता मिल सके।



## महावीर जन्म कल्याणक पर लायंस क्लब ने दिया अहिंसा का संदेश

**मंदसौर।** लायंस क्लब मंदसौर द्वारा भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ मनाया गया। क्लब ने इस गरिमामयी आयोजन के माध्यम से समाज में भगवान महावीर के सिद्धांतों 'जियो और जीने दो' तथा 'अहिंसा परमो धर्म' का प्रभावी संदेश प्रसारित किया गया। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य, जहाँ चारों ओर युद्ध और अशांति का वातावरण है, उसमें क्लब के सदस्यों ने शांति, अहिंसा और आपसी सद्भाव की महत्ता पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन ने भी क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए इस पुनीत कार्य में अपना पूर्ण समर्थन दिया।

इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष लायन रत्नेश कुदार, सचिव लायन डॉ. विक्रांत भावसार, डॉ. प्रदीप चेलावत, सुभाष बग्गा, प्रवीण राठौर, विजय सुराणा, हस्तीमल जैन, लोकेन्द्र धाक?, राजेंद्र पामेचा, जितेंद्र मित्तल, विकास भंडारी, शैलेंद्र चौरडिया, राजेश पोरवाल, सुनील बाफना, निर्विकार रातं?या, भारत कोठारी, श्रेयांश हींगड़, नेम गांधी, सुनील तलेरा, संजय पोरवाल, मयूर सुराणा, सौरभ बडजात्या, उत्तम जैन, डॉ. के.सी. श्रीमाल, पारस जैन, अंकित कीमती, जयंत चौधरी, संजय जैन, पंकज डोशी सिद्धार्थ जैन सहित कई लायन साथी उपस्थित रहे।



## अवैध खैर लकड़ी की तस्करी पर शामगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**मंदसौर।** शामगढ़ थाना पुलिस ने अवैध खैर लकड़ी की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 40 क्विंटल लकड़ी से भरा एक पिकअप वाहन जब्त किया है। पुलिस ने वाहन सहित आरोपी को पकड़कर वन विभाग को सुपुर्द किया।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी सीतामऊ के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी उप निरीक्षक रविंद्र प्रताप डांगी की टीम ने मुखबिर सूचना पर उज्जैन-गरोठ फोरलेन पर नाकाबंदी कर पिकअप वाहन (स्क्क्ष2द्ध2146) को रोका। जांच में वाहन में अवैध खैर लकड़ी भरी पाई गई। मामले में आरोपी अरबाज उर्फ अब्बु पिता शब्बीर पठान (21 वर्ष), निवासी आगर मालवा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास लकड़ी परिवहन के कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। प्रारंभिक कार्रवाई के बाद जब्त लकड़ी व वाहन वन विभाग गरोठ को सौंप दिया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं। इस कार्रवाई में पुलिस टीम के अन्य सदस्यों का भी सराहनीय योगदान रहा।

**एक नजर** — रोटरी क्लब मंदसौर ने की संगीत संध्या आयोजित

## संगीत का मस्तिष्क पर होता गहरा प्रभाव : कोठारी

**मंदसौर। रोटरी क्लब मंदसौर द्वारा संगीत संध्या आयोजित की गई। इसे संबोधित करते हुए आगामी मंडलाध्यक्ष संस्कार कोठारी ने कहा कि संगीत तनाव कम करता है। जीवन में सकारात्मकता का संचार करता है। संगीत मन और मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव होता है।**



स्थानीय नक्षत्र गार्डन में आयोजित संगीत संध्या कार्यक्रम में रोटरी परिवार के 95 सदस्यों ने भाग लिया। उपरोक्त जानकारी देते हुए इवेंट चेयरमैन सी.ए. दिनेश जैन ने बताया कि काउंसिल ऑन लेजिसलेशन प्रतिनिधि चुनाव जीतने पर पीडीजी सीए नितिन डफरिया का स्वागत मंदसौर क्लब द्वारा किया गया। प्रारंभ में स्वागत भाषण अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने देते हुए बताया कि इस वर्ष रोटरी ने सेवा के सभी आयामों पर प्रकल्प आयोजित किये हैं। साथ ही क्षेत्रीय स्तरीय चौपाल व प्रशिक्षण शिविर भी पहली बार सफलतापूर्वक आयोजित की है।

मंदसौर क्लब द्वारा आगामी मंडलाध्यक्ष संस्कार कोठारी का बहुमान अभिनंदन पत्र भेंट कर किया। पत्र का वाचन सी.ए. दिनेश जैन ने किया। पीएचएफ बनने पर योग गुरु सुरेन्द्र जैन व पवन पोरवाल का पीनअप पीडीजी अनीश मलिक द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में वासुदेव म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीत की प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर दीप्ति कोठारी, सहायक मंडलाध्यक्ष संजय गोटी, प्रवीण उकावत, बिन्नू कीमती, प्रीति जैन आदि के गायन ने उपस्थितजनों का मनमोह लिया। आभार अनिल चौधरी ने माना। श्रेष्ठ प्रशिक्षण देने पर पीडीजी धीरेंद्र दत्ता व पीडीजी अनीश मलिक का स्वागत शरद गांधी, दिनेश रांका, प्रमोद कीमती, अशोक उकावत, भूपेंद्र सोनी, संजय श्वेता, संजय जैन आदि द्वारा किया गया।

# नीमच

## एक नजर में

### सुप्रभात मित्र मंडल ने मनाई महावीर जयंती



**नीमच।** सुप्रभात मित्र मंडल द्वारा योग के पश्चात महावीर जयंती का आयोजन किया गया जिसमें सभी योग साधकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री राजमल छाजेड़ ने अपने उद्बोधन में सभी योग साधकों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं प्रदान की एवं जीवन में उनके बताए हुए मार्ग पर चलने पर जोर दिया सुप्रभात मित्र मंडल की पूर्व अध्यक्ष डॉ माधुरी चौरसिया ने अपने उद्बोधन में कहां की आज विश्व हिंसा के मार्ग पर चल रहा है एवं सर्वत्र अशांति का वातावरण है आज महावीर स्वामी के बताए हुए मार्ग पर चलकर हमें विश्व शांति की स्थापना करनी है साथ ही उनकी मुख्य शिक्षाएं अहिंसा सत्य अस्तेय ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह अर्थात हिंसा न करना सत्य बोलना चोरी ना करना ब्रह्मचर्य का पालन करना एवं आवश्यकता से अधिक संग्रह करने की प्रवृत्ति का त्याग करना यदि हम अपने जीवन में महावीर स्वामी के सिद्धांतों को मानेंगे एवं सच्चाई एवं अहिंसा के मार्ग पर चलेंगे तो विश्व शांति की स्थापना में हमारी भी एक छोटी सी आहुति हो जाएगी। कार्यक्रम कार्यक्रम में शुभ प्रभात योग मित्र मंडल के संरक्षक शिव महेश्वरी अध्यक्ष अनिल सिंह योग गुरु दिलीप चौधरी विमल कुमार अनिल चौरसिया गोविंद पोरवाल टोनी वधवा नवल मित्तल रमेश जायसवाल सतनारायण अग्रवाल अरुण गोयल बिल्लू भाई सहिद बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे। श्री दिलीप चौधरी ने किया एवं आभार अध्यक्ष अनिल सिंहल ने माना।

### जैन पत्रकार परिषद ने डॉ कृष्ण कुमार जैन को किया सम्मानित



**नीमच।** भारत में जैन मीडिया कर्मियों के प्रतिष्ठित संगठन जैन पत्रकार परिषद ने महावीर प्रवाह पत्रिका के सह संपादक एवं अंतर्राष्ट्रीय जैन साहित्य संगम के प्रदेश सचिव डॉ.कृष्ण कुमार जैन को परिषद के आयोजित अवार्ड एवं सम्मान समारोह में उनके उत्कृष्ट कार्यो का मूल्यांकन करते हुए सम्मानित किया है। श्री जैन ने निष्पक्ष एवं सक्रिय लेखन के क्षेत्र में कार्य करते हुए अपनी अलग पहचान स्थापित की है, और जिन शासन को गौरवान्वित किया है। परिषद पदाधिकारीयो ने उन्हें सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि परिषद द्वारा 29 मार्च रविवार को उज्जैन स्थित शंकराचार्य मठ में परम पूज्य आचार्य विश्वरत्न सागर सुरीश्वर जी महाराज साहब की पावन निश्रा एवं मार्गदर्शन मैं उक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ है। इसी क्रम में श्री राहुल जैन के नेतृत्व में परिषद की नीमच जिला इकाई के सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस अवसर पर जिला इकाई के अन्य सदस्यों को भी सम्मानित किया गया है। नीमच इकाई के अध्यक्ष राहुल जैन को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए राज्य स्तरीय जैन पत्रकार परिषद के विशिष्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस गरिमामय आयोजन में बड़ी संख्या में प्रदेश भर के जैन पत्रकार तथा मालवा महासंघ तथा परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री जैन ने आचार्य श्री का चरण वंदन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।

## मध्य प्रदेश के कृषि बजट में किया 90 हजार करोड़ का प्रावधान : जगदीश देवड़ा

- प्रदेश में सरकार द्वारा इस वर्ष कृषक कल्याण वर्ष मनाया जा रहा है
- उपमुख्यमंत्री देवड़ा द्वारा जावद में चार दिवसीय जहर मुक्त जीरो बजट कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन




> विधायक सखलेचा ने कहा, कि इस प्रशिक्षण शिविर स्थल पर विभिन्न 16 विभागों की स्टाल एवं प्रदर्शनी लगी है। 8 राज्यों के किसान इस प्रशिक्षण में चार दिन से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। जावद क्षेत्र के 1500 विद्यार्थी आठ माह से ए.आई.की पढ़ाई कर रहे है। इनमें से 800 बच्चे कृषि में ए.आई. का उपयोग सीख रहे है। उन्होंने कहा, कि सभी विभागों, कृषि वैज्ञानिकों और सुभाष पालेकर जी के मार्गदर्शन से जावद क्षेत्र का किसान देश, प्रदेश का अग्रणी किसान बनेगा।

**नीमच।** प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में इस कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। सरकार पूरे वर्ष कृषि से संबंधित, कृषि आधारित कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने इस वर्ष बजट में कृषि के लिए 90 हजार करोड़ का प्रावधान किया है। यह बात प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने नीमच जिले के जावद में मण्डी प्रांगण में आयोजित चार दिवसीय जहर मुक्त जीरो बजट कृषि प्रशिक्षण शिविर के मंगलवार को समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही।

इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं जावद क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक नीमच दिलीप सिह परिहार, मनासा विधायक अनिरूद्ध मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिह चौहान, जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, पद्मश्री श्री सुभाष पालेकर, मीरोलेब्स की संस्थापक सुनिता गुप्ता, दीप प्रोजेक्ट के नचिकेत भटकर सहित जनप्रतिनिधि मंचासीन थे।

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने अपने उदबोधन में जहर मुक्त, जीरो बजट कृषि प्रशिक्षण शिविर आयोजन की सराहना करते हुए कहा, कि किसान भाईयों ने इस प्रशिक्षण में जो भी सीखा है, जाना, समझा है, उसे धरातल पर उतारने का प्रयास करें। खेती में अपनाएं। उन्होने जावद क्षेत्र में विधायक श्री सखलेचा की पहल पर नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण अभियान, डिजीटल शिक्षा, ए.आई. शिक्षा के प्रोजेक्ट की सराहना की।

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा, कि प्रधानमंत्री जी ने आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से देश के गरीबों को आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रूपये प्रति वर्ष नि:शुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई है। किसान सम्मान निधि के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में डीबीटी से राशि का भुगतान किया जा रहा है। उन्होने उपस्थितजनों का आव्हान किया, कि हर एक व्यक्ति जिस क्षेत्र में भी है, उस क्षेत्र में मन लगाकर काम करने का संकल्प लें, तो वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने की प्रधानमंत्री जी की परिकल्पना साकार होगी।

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने दीप प्रोजेक्ट के तहत जावद क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के ए.आई.सीखने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उन्होने जावद क्षेत्र की सभी नगर परिषदों के निवनियुक्त वरिष्ठ पार्षदों का अभिनन्दन भी किया।

विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा, कि समय के साथ खेती का स्वरूप भी बदल रहा है। जावद के सरकारी स्कूल के 50 छात्र एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई कर रहे है। शासकीय स्कूलों में जे.ई.ई.नीट की नि:शुल्क कोचिंग सुविधा के उक्त परिणाम मिले है।

उन्होने कहा, कि जावद क्षेत्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का दूसरा चरण प्रारंभ किया जा रहा है। ए.आई.सीख चुके 300 बच्चें क्षेत्र के गांवों में ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर शासन की विभिन्न योजनाओं का ऑनलाईन लाभ दिलाने का काम करेंगे। उन्होने कहा, कि जावद क्षेत्र और जावद क्षेत्र के युवाओं को सबसे पहले आत्मनिर्भर बनाने का विशेष प्रयास निरंतर जारी है। ए.आई.तकनीक का उपयोग कर किसानों की आमदनी बढ़ाने का भी प्रयास क्षेत्र में किया जा रहा है। श्री नचिकेत भटकर ने जावद क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में संचालित ए.आई. शिक्षा, डिजिटल शिक्षा के डीम प्रोजेक्ट की जानकारी दी। उन्होने कहा कि क्षेत्र के युवा ए.आई.सीखकर घर बैठे आय भी प्राप्त कर रहे है। 1400 बच्चों को ए.आई.की शिक्षा दी जा रही है।

मुख्य वक्ता पद्मश्री सुभाष पालेकर ने अपने उदबोधन में कहा, कि मैं पहले ऐसे विधायक ओमप्रकाश सखलेचा से मिला हूं जो जावद में नि:शुल्क कृषि पर आधारित प्रशिक्षण शिविर किसानों के लिए आयोजित कर रहे है। उन्होने कहा, कि मेरी कृषि पद्धति जैविक और प्राकृतिक नहीं है, उससे भिन्न है।

उन्होने कहा, कि किसी भी पेड़ पौधे को जीवित रहने के लिए कीटनाशक और किसी भी प्रकार के खाद के भोजन की जरूरत नहीं होती है। उन्होने कहा, कि फसलों में रासायनिक उर्वरक और ना ही कीटनाशक का उपयोग करें। श्री पालेकर जी ने रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया।

मीरो लेब्स एग्रीटेक की सुश्री सुनिता गुप्ता ने कृषि में ए.आई. टेक्नॉलाजी का उपयोग करने एवं उसमें होने वाले लाभ के बारे में प्रजेन्टेशन दिया। उन्होने कहा, कि जावद क्षेत्र में प्रथम चरण में लहसुन, मक्का और संतरा फसल में ए.आई.टेक्नालाजी का उपयोग कर कम लागत में अधिक उत्पादन के लिए प्रोजेक्टर लगया जा रहा है। इसके पहले कार्यक्रम के प्रारंभ में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने दीप प्रज्जवलित कर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह की शुरूआत की।


## जावद कन्या शाला स्थित मंशा पूर्ण बालाजी में महाआरती




**जावद।** श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर पर भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव पूरे धूमधाम के साथ मनाया जाएगा द्य इसीक्रम में कन्या शाला स्थिति मंशा पूर्ण बालाजी में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महाआरती का आयोजन रखा गया है। आरती मंडल सदस्य नरेंद्र पौराणिक ने बताया आरती मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम शाम 8.30 बजे महाआरती की जाएगी। हनुमान जयंती 2 अप्रैल गुरुवार को प्रात: से ही भक्तगण भगवान श्री मंशापूर्ण बालाजी के दर्शन पूजा भक्ति भाव व श्रद्धापूर्वक कर सके ऐसी व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई है द्य आरती मंडल ने जावद नगर के धर्मप्रेमी भक्तों से अनुरोध किया कि 2 अप्रैल हनुमान जयंती पर आयोजित विविध धार्मिक कार्यक्रमों में भाग ले और महाआरती में सपरिवार उपस्थित होकर भगवान बालाजी के दर्शन करते हुए विशेष दर्शन का लाभ ले द्य महाआरती पश्चात आरती मंडल द्वारा भक्तो को प्रसाद प्रदान किया जाएगा।

**एक नजर** — फायर ब्रिगेड ने समय रहते आग को फैलने से रोका

## शॉर्ट-सर्किट से खेत में लगी आग, गेहूं की फसल जलकर राख

**नीमच।** जिले के सरवानिया महाराज क्षेत्र के समीप ग्राम रानपुर में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया, जब एक किसान के गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई। इस घटना में करीब एक बीघा खड़ी फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई, जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रानपुर निवासी किसान अशोक पाटीदार (पिता चतरानंद पाटीदार) के खेत के पास से गुजर रही विद्युत लाइन में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। लाइन से निकली चिंगारी सीधे गेहूं की खड़ी फसल पर गिर गई, जिससे कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलने लगी और देखते ही देखते खेत का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन आग इतनी तेजी से फैल रही थी कि काबू पाना मुश्किल हो रहा था। इसके बाद तत्काल सरवानिया फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड चालक श्याम माली अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर नियंत्रण कर लिया गया, जिससे आसपास के अन्य खेतों को बचा लिया गया। यदि थोड़ी भी देर हो जाती तो आग और भी खेतों में फैल सकती थी और बड़ा नुकसान हो सकता था।

इस घटना से क्षेत्र के किसानों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित किसान को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि उसे हुए नुकसान की भरपाई हो सके।